
# निर्मल कैंपस में हनुमान जी की सवा 25 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित



**हिंडौन सिटी ।** शहर के बयाना रोड स्थित निर्मल एजुकेशन ग्रुप कैंपस में हनुमान जी की सवा पच्चीस फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना की गई। जिले भर में सबसे ऊंची इस प्रतिमा के शनिवार को हुए ऐतिहासिक समारोह में ग्रुप के 3100 विद्यार्थी, शिक्षक और स्थानीय लोग साक्षी बने। विधिवत पूजन के साथ सामूहिक रूप से किए गए हनुमान चालीसा के पाठ से पूरे शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। निर्मल एजुकेशन ग्रुप के निदेशक मनीष चौधरी ने बताया कि एजुकेशन कैंपस में आने वाले सभी विद्यार्थियों को वीर बजरंग बली के दर्शन हो और विद्या बुद्धि और स्वास्थ्य का वरदान मिले, इस उद्देश्य से निर्मल एजुकेशन कैंपस में हनुमान जी की सवा पच्चीस फीट ऊंची एक आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है।

शनिवार को सुबह 8 बजे शुभ मुहूर्त में हनुमान जी की इस विशालकाय प्रतिमा का आचार्य मनीष शास्त्री व ज्योतिष आचार्य लक्ष्मी नारायण पाठक सहित कई विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजन कराया। इस अवसर पर निर्मल हैप्पी उच्च माध्यमिक विद्यालय, निर्मल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, निर्मल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, निर्मल पब्लिक स्कूल, निर्मलआईआईटी एंड मेडिकल अकैडमी, निर्मल पैरामेडिकल कॉलेज सहित विभिन्न संस्थाओं के 3100 से ज्यादा विद्यार्थियों और अध्यापकों ने हनुमान चालीसा का सामूहिक रूप से पाठ किया।इस दौरान पंडाल में मौजूद सभी लोग हनुमान जी की भक्ति में लीन हो गए और झूम उठे । इसके बाद महा आरती का आयोजन हुआ और प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक नंद सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे ।

जिन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वीर बजरंगबली की इस विशालकाय आकर्षक प्रतिमा के महत्व को समझाते हुए उनकी पूजा के महत्व पर भी प्रकाश डाला और बताया कि बुद्धि और विद्या के दाता हनुमान जी की पूजा करने से स्वास्थ्य,शिक्षा और संपन्नता प्राप्त होती है। इस अवसर पर निर्मल एजुकेशन ग्रुप के निदेशक चौधरी सहित सहायक निदेशक प्रशांत चौधरी, निर्मल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विजेंद्र सिंह आदि ने विद्वान पंडितों व अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

आयोजित कार्यक्रम में निर्मला एजुकेशन ग्रुप की संस्थापिका स्वर्गीय निर्मल चौधरी एवं संस्थापक स्वर्गीय राजेंद्र चौधरी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। इस दौरान निर्मला एजुकेशन ग्रुप के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# 18 साल पूर्व बिछुडी ललिता के पति से हुआ मिलन

**भरतपुर ( निस )।** अपना घर आश्रम में शनिवार को कर्नाटक के गांव मटौली, थाना, अफजलपुर, जिला गुलबर्गा से अपनी पत्नि को लेने आए पति शिवलिगप्पा श्रृंगार का सारा सामान लेकर आए और यही पर सिंदूर का टीका लगाकर मंगलसूत्र, कंगन, झुमके, बाली व वस्त्र पहनाएं। उन्होंने बताया कि यह उनकी पहली शादी थी। जबकि उन्होंने ललिता के घर से निकलने के बाद दूसरी शादी कर ली थी और ललिता के दो छोटे बेटे एवं एक बेटी का पालन पोषण इनकी दूसरी पत्नी महानंदा ने किया। अपनाघर के 24 साल के इतिहास में इस तरह का यह पहला मामला है जहां काफी लोग अपने परिजनों को ले जाने से बचते है वहीं कहते है कि सौतन तो आटे की भी बुरी होती है लेकिन महानंदा की उस सौतन ने संस्कारों के माध्यम से यह गलत साबित कर दिया। इसे विधि का विधान कहे या किस्मत का लेखा 18 साल पूर्व बिछुडी ललिता के पति ने अपने तीन बच्चों को पालने के लिए दूसरी शादी की। लेकिन जब घर पर सूचना पहुंची तो दूसरी पत्नी महानंदा ने अपने पति शिवलिगप्पा को उनकी पूर्व पत्नी या ये कहे कि सौतन को मंगलसूत्र सहित 16 श्रृंगार का सामान लेकर अपनाघर आश्रम भेजा तथा अपना घर में आकर एक बार उन्हें मंगलसूत्र पहनाया तथा मांग भरने के साथ ही कंगन, कानों के झुमके व नाक में बाली भी पहनाई। वहीं लाल रंग की साडी एवं श्रृंगार आदि का जो भी सामान लेकर आए थे वह पहनाया, जिस तरह से नव विवाहिता को ले जाते वैसे ही यहां से लेकर गए। बताते चले यह महिला 2013 में चेरिटेबल ट्रस्ट सूरत में रेस्क्यू की गई थी और स्थान अभाव के कारण अपना घर भरतपुर में भर्ती कराया था। इनका तभी से उपचार चल रहा था, इनके स्वास्थ्य में सुधार होने के उपरांत इन्होंने अपना पता बताया और इनके बताए गए पते पर पुलिस के माध्यम से संपर्क किया गया। इनके पति शिवलिगप्पा ने बताया कि जब ललिता घर से निकली थी तब दो बेटे और एक छोटी बेटी थी उनके परिवरिश के लिए मैने दूसरी शादी महानंदा के साथ कर ली। दूसरी पत्नी महानंदा ने इन तीनों बच्चों की परिवरिश की पढा लिखाकर बडा किया। जिनमें बडा विनायक बैंगलोर यूनिवर्सिटी में संविदा पर क्लर्क, छोटा बेटा भोपाल में कपडे की फैक्टी में जॉब करते है, जबकि बेटी की शादी भी कर दी। यहां की सूचना लेकर जैसे ही पुलिस वाले घर पहुंचे तो भरोसा ही नहीं हुआ कि पहली पत्नी जिंदा है, हम तो मृत समझ कर दूसरी शादी भी कर चुके थे, फिर उन्होंने वीडियो कांफ्रसिंग से बातकर सत्यापन के उपरांत यह मालूम किया।

## सार-समाचार

### खिलाडी पूनम शर्मा का सम्मान किया

**भरतपुर ( निस )।** इंडियन मास्टर वेट लिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा तृतीय मास्टर्स वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2024 उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में स्थित कान्हा हवेली महुवा वाग में 28 से 29 अगस्त को आयोजित हुई। जिसमें देश के समस्त प्रान्तों से सैकडों मास्टर्स वेट लिफ्टिंग महिला एवं पुरूष खिलाडियों ने भाग लिया। जिसमें राजस्थान से पावर लिफ्टिंग कोच व वेट लिफ्टिंग खिलाडी पूनम शर्मा ने भी अपने भार 55 किलो ग्राम महिला वर्ग में खेल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल हांसिल कर भरतपुर व राजस्थान का नाम रोशन किया। बतादें कि पूनम शर्मा ने गत राज्य स्तरीय तृतीय मास्टर्स वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2024 प्रतियोगिता जोकि जोधपुर के महर्षि दयानंद स्मृति भवन में आयोजित हुई थी। इस प्रतियोगिता में पूनम ने अपने भार में भी राज्य स्तर पर गोल्ड मैडल प्राप्त कर भरतपुर का नाम रोशन किया है तथा वह पावर लिफ्टिंग में राज्य स्तर पर गोल्ड व नेशनल स्तर पर कांस्य एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त कर देश, प्रदेश व भरतपुर का नाम कर चुकी है तथा उनके इस उत्कृष्ट खेल समाचार को सुन खेल प्रेमी व सामाजिक संस्थाएँ, गणमान्य व्यक्तियों में खुशी की लहर दौड गई जिन्होंने उनको इस उपलब्धि के लिए बधाईयां दीं तथा भरतपुर आगमन पर उनके खिलाडी व खेल प्रेमी तथा गणमान्य लोगों ने रेलवे स्टेशन पर पहुँच माला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

### निरीक्षण लिया

**भरतपुर ( निस )।** अहले इस्लाम शाही कब्रिस्तान जवाहर नगर भरतपुर में नगर निगम भरतपुर द्वारा सफाई कार्य का जायजा लिया गया पाया कि नगर निगम द्वारा बेहतरीन तरीके से बबूलों की कटाई कर साथ ही साथ उन्हें हटाने का कार्य कमेटी के कहे अनुसार किया जा रहा है। निगम कर्मीयों द्वारा काफी पेड़ तथा खूशबूदार फूल के पौधे भी लगाये गये हैं। कमेटी ने देखा कि युआईटी द्वारा जो मकान बाउण्ड्री के सहारे बने हुए हैं। वह अपने घरो की गन्दगी कूड़ा करकट नाली शाही कब्रिस्तान की ओर कर रखी है। इनको बन्द कराया जाये। इनके नोटिस दिया जावे। नगर निगम के नरेगा कर्मीयों ने काफी महनत कर शाही कब्रिस्तान में से गन्दगी को हटाया है। नगर निगम से मांग है कि शाही कब्रिस्तान में भरे हुए पानी को निकलवाया जाये ताकि मच्छर व गन्दगी पैदा न हो। कमेटी अध्यक्ष हाजी गुल्लू की ओर से अपील है कि कमेटी के मेम्बर शाही कब्रिस्तान जवाहर नगर में जाकर सफाई अभियान में सहयोग करें। कमेटी के अध्यक्ष हाजी गुल्लूखां, अलीमुददीन, छोटे खान, अहसान कुरेशी मोलाना आदि मौजूद थे।

### जिला कलेक्टर से मुलाकात की

**करौली ( नि.स. )।** भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर बरसात के बाद होने वाली मौसमी बीमारियों को लेकर अवगत कराया। करौली भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि जिला कलेक्टर को बारिश के बाद होने वाली मौसमी बीमारियों को लेकर करौली शहर में हर गली, मोहल्लो, कालोनियों मे फोगिंग, डीडीटी के छिड़काव बारिश के जमा पानी को निकालने की व्यवस्था, सफाई तथा अस्पताल में सफाई की व्यवस्था तथा पर्याप्त बेड आदि की व्यवस्था को लेकर अवगत कराया इस दौरान जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला, विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी, तेजेंद्र सिंह, आशीष जैन, धर्म सिंह जादौन आदि मौजूद रहे।

### स्वर्ण प्राशन ड्रॉप पिलाई

**करौली ( नि.स. )।** राजकीय जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय करौली के फूटाकोट शाखा आंचल प्रसूता केंद्र पर नवजात से 5 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण प्राशन की ड्राप पिलाई गईजिला आयुर्वेद चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेश शर्मा व डॉ उमेश शर्मा ने बताया कि शिविर के दौरान 5 वर्ष तक के 119 बालकों को स्वर्ण प्राशन की ड्रॉप पिलाई गई। स्वर्ण प्राशन ड्रॉप का आयुर्वेद मतानुसार स्वर्ण ब्राह्मीवला,शंखपुष्पी,वचामंजिष्ठा,हरीतकी विभीतक, आमलकी मधु आदि रसायन औषधि द्रव्यों के द्वारा निर्माण किया जाता है इसके सेवन से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है मौसमी बीमारियों से बालक ग्रसित नहीं होता है यह स्वर्ण प्राशन ड्रॉप पुष्य नक्षत्र के दिन आयुर्वेद विभाग की ओर से निशुल्क पिलाई जाती है उन्होने बताया कि गत 30 अगस्त को 66 बच्चों को व 31 अगस्त को 53 बच्चो को फूटाकोट आयुर्वेद चिकित्सालय पर स्वर्ण प्राशन ड्रॉप पिलाई गई।

### खरपतवार हटाकर थांवले बनाये

**भरतपुर( निस )।** भुसावर स्थित कृषि महाविद्यालय पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एनएसएस वॉलण्टियर्स ने महाविद्यालय परिसर में इस वर्ष नये लगाये पौधों के आस-पास से खरपतवार हटाकर थांवले बनाये तथा महाविद्यालय की सड़क व मार्गों की साफ-सफाई की। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने बताया कि वर्षा ऋतु में घास-फूँस व खरपतवार ज्यादा पनपते हैं जो कि विषेषकर नये लगाये पौधो की वृद्धि रोक देते हैं। क्योकि ये पौधों के साथ पोषक तत्व, धूप, स्थान आदि के लिए प्रतियोगिता करते हैं। जिससे पौधों को कमधूप व पोषक तत्व मिलते हैं तथा जडों का उचित विकास भी नही हो पाता। साथ ही खरपतवार होने से पौधों पर कीट एवं रोगों का प्रकोप भी अधिक होता है। अतः सितम्बर माह मे बगीचों की साफ-सफाई आवष्यक रूप से करनी चाहिए। एनएसएस प्रभारी डॉ मोहित कुमार ने बताया कि एनएसएस वॉलण्टियर्स ने महाविद्यालय परिसर मे 2 घण्टे श्रमदान किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जगहों व सम्पत्तियों की देखरेख व सुरक्षा करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

### निरीक्षण किया

**करौली( नि.स. )।** आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ नंद कुमार शर्मा ने शनिवार को चैनपुर,रामपुरा,मासलपुर,डॉडा और रतियापुरा औषधालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया और कार्मिकों को पौधारोपण के लिए निर्देश देते हुए औषधीय पौधें लगाने के लिए पाबंद किया।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में नाम जोडने के संबंध में निर्देश जारी

**करौली ( नि.स. ) ।** जिला रसद अधिकारी ने एक आदेश जारी कर बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनांतर्गत ऐसी महिलाएँ जिनका नाम विवाह होने पर पिता के राशनकार्ड से हटा दिया गया है लेकिन पति के राशन कार्ड में नहीं जोडा गया है उनका नाम पति के राशन कार्ड में जोड़ने हेतु विभाग द्वारा प्रावधान किया गया है

उन्होने बताया कि ऐसी महिलाएँ ई-मित्र के माध्यम से आवेदन कर अपना नाम पति के राशनकार्ड में जुड़वा सकेंगी। इसके लिए यह आवश्यक होगा कि महिला के पिता व पति दोनों का राशनकार्ड राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित हों।

उक्त के साथ ही खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित राशनकार्डों में 0 से 18 वर्ष के बच्चों के नाम भी राशनकार्ड में जोड़ने हेतु पोर्टल विभाग द्वारा खोला गया है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनांतर्गत जिन आवेदकों द्वारा पूर्व में आवेदन किया जा चुका है एवं जिनका निस्तारण नहीं किया गया है ऐसे आवेदनों का निस्तारण किए जाने हेतु विभाग द्वारा पोर्टल खोला गया है।


जिसमें प्रथम चरण में प्राथमिकता से अन्तोदय परिवार,बीपीएल परिवार, एकल महिलाएँ,कचरा बीनने वाले परिवार, कुष्ठ रोगी,आस्था कार्ड धारी परिवार,सिलकोसिस रोग से ग्रसित व्यक्ति परिवार,बहु विकलांग एवं मंदबुद्धि व्यक्ति,पालनहार योजनांतर्गत लाभार्थी परिवार, निःसंतान वृद्ध दम्पत्ति व वृद्ध दम्पत्ति जिनके केवल दिव्यांग संतान है को जोड़ा जाएगा।

प्रथम चरण के लंबित आवेदन शून्य होने पर द्वितीय चरण प्रारम्भ किया जावेगा।

# नन्दे बाबा की जात में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**करौली ( नि.स. )।** करौली जिला मुख्यालय के पास तुलसीपुरा ग्राम पंचायत के टोंका-खरेटा गांव स्थित नन्दे भूमिया नन्दे बाब) देवस्थल पर शनिवार को वार्षिक जात मेला आयोजित हुआ। इस मौके पर दर्शनों के लिए जिले सहित दूरदराज शहरों और गांवों से हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने नन्दे भूमिया की पूजा-अर्चना कर मनौती मांगी देवस्थल पर दिनभर नंदे भूमिया के जयकारे गूंजते रहे। वही ग्राम पंचायत कि ओर से कु'ती प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया।

मेले को लेकर प्रातः से ही श्रद्धालुओं का नन्दे भूमिया मंदिर पहुंचना शुरू हो गया जो दिन चढ़ने के साथ ही बढ़ता गया। श्रद्धालुओं की भीड़ और जयकारों से क्षेत्र का माहौल धर्ममय हो गया। इस मौके पर करौली सहित नादौती, श्रीमहावीरजी, हिण्डौन, गंगापुर सिटी, भरतपुर,आगरा,धौलपुर सहित अन्य स्थानों के श्रद्धालु पहुंचे और मंदिर में धोक लगाई। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं रंग-बिरंगे परिधान पहने गीत और भजन गाते हुए नंदे भूमिया की जात करने पहुंची। इस दौरान हजारों श्रद्धालु पैदल ही पहुंचे जबकि बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रैक्टर, जीप, कार,टेम्पो,बस आदि से जात करने पहुंचे।



करौली के निकट नन्दे भूमिया के स्थान पर कुश्ती दंगल का आंनद लेते ग्रामीण।

# गाजे बाजे के साथ पदयात्रा रवाना

**टोडाभीम।** उपखंड मुख्यालय की समीपवर्ती गांव पाडला से करीरी में स्थित भैरू बाबा की पदयात्रा गाजे बाजे के साथ रवाना हुई। एक दिन पूरे गांव में पदयात्रा के लिए सभी को अनाउंसमेंट किया गया। और आज विधि विधान के साथ पहले तो पूजा अर्चना की गई ।और उसके बाद यात्रा को सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पाडला गांव में स्थित पहाड़ के ऊपर भैरू बाबा मंदिर पर लोगों ने पूजाअर्चना की और वही झंडा का पूजन किया गया ।और उसके बाद पूजन कर यात्रा को रवाना किया।

**नाचते कूदते यात्री हुये रवाना**

वही भैरू बाबा की यात्रा में पद यात्री नाचते कूदते हुए बाबा के दरबार के लिए रवाना हुए महिला व पुरुष सभी एक जगह इकट्ठा हुए और भैरू बाबा का जोरदार जय कारा लगाकर यात्रा में शामिल हुए वही भैरू बाबा के सुंदर-सुंदर भजनों पर महिलाओं और पुरुषों ने नृत्य किया और यात्रा रवाना हुई यात्रा का जगह लोगों द्वारा जलपान करवा कर स्वागत8 सत्कार किया गया।

**यात्रा की पहुंचने पर किया जाएगा भंडारा**

वही पूरण मीना व शिवराम मीना कलुआराम मीना ने बताया कि यात्रा के पहुँचने पर सबसे पहले निशान भैरू बाबा के मंदिर पर चढ़ाया जायेगा। उन्होंने बताया कि करीरी का भैरू बाबा का मंदिर पहाड़ पर स्थित है। जो भी क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था धाम में से एक मंदिर है। वही यात्रा के पहुंचने के बाद भोग प्रसादी लगाकर भंडारे का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें सभी यात्रियों को प्रसादी खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बाबा भैरू बाबा के मंदिर में यात्रा लेकर जाते हैं। और इस वर्ष भी धूमधाम के साथ बाबा की यात्रा जा रही है। जिसमें लोगों का खूब उत्साह नजर आ रहा है।

**ये रहे मौजूद**

वही यात्रा की शुभारंभ के दौरान रामचरण मीना,बबली पाडला,बबली मीना,बंटी मीना ,पूरण ,शिवराम ,कलुआ, उदयचंद,भरोसी मीना, रामपाल,बाबू मीना, अमृत ,लाली पाडला, राजेन्द मीना, मोहन पेटल रामप्रसाद मीना ,राधाकृष्ण बाबुजी सहित महिला व पुरुष मौजूद रहे।

# शिवरों का आयोजन 3 सितम्बर से

**करौली( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया है कि जिले में 3 से 27 सितम्बर तक यूडीआईडी दिव्यांगजन 'ावरो का आयोजन ब्लॉकवाईज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिसके अन्तर्गत स्वावलम्बन पोर्टल के माध्यम से दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किये जाने है। इसके अलावा जिले में विभागीय दिव्यांगजन पंजीयन पोर्टल पर पंजीकृत आवेदनों का निस्तारण कर यूडीआईडी कार्ड जारी कर विभागीय योजनाओं से लाभांवित किया जाना है। शिविर का आयोजन व स्थान निम्न प्रकार रहेंगे 3 सितम्बर को पंचायत समिति करौली, 11 सितम्बर को पंचायत समिति मासलपुर, 12 सितम्बर को पंचायत समिति मण्डरायल, 18 सितम्बर को निर्देश जारी कर दिये है।

# नेत्रदान जागरूक संगोष्ठी का आयोजन

**धौलपुर ।** समदर्शी क्षमताविकास अनुसंधान मंडल (सक्षम) धौलपुर के द्वारा नेत्रदान जागरूक पखवाड़ा के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन राजकीय गर्ल्स उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती अर्चना मिश्रा जी ने की तथा मुख्य स्थिति के रूप में प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मुनेंद्र गर्ग मंच पर विराजमान थे। विशेष अतिथि के रूप में जिला सचिव (सक्षम) दिनेश गर्ग, शंकर लाल सक्सेना, तथा दिहोली की प्रिंसिपल गोगना मैडम थी। प्रारंभ में मंचासीन अतिथियों का परिचय के बाद संगठन का पट्टा देकर उनका स्वागत किया गया संगठन के बारे में जानकारी देते हुए अशोक सिंघल प्रांतीय प्रचार प्रमुख ने कहा कि 16 साल पहले इस संगठन का नागपुर में प्रारंभ हुआ था जो देश के 400 जिलों में कार्य रत हैं यह संगठन दिव्यांग व्यक्तियों/ महिलाओं की क्षमताओं का विकास कर उन्हें सक्षम बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि डॉक्टर गर्ग ने कहा की आंख है तो जहान है तो हमें आंखों की सुरक्षा करते रहनी चाहिए और रक्तदान की तरह ही नेत्रदान के लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए जिला सचिव दिनेश गर्ग कहा कि आपके आसपास ऐसी कोई दिव्यांगों जिन्हें किसी चीज की आवश्यकता हो तो हमारी संस्था को सूचित करें नेत्रों की सुरक्षा पर ध्यान दें।

# विशेष लोक अदालत का आयोजन

**गंगापुर सिटी ।** माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार शनिवार को जिला मुख्यालय सहित समस्त तालुकाओं गंगापुर सिटी, खण्डार, बौंली एवं बामनवास पर भारतीय स्टेट बैंक के प्री-लिटीगेशन स्तर के प्रकरणो के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। भारतीय स्टेट बैंक के प्री-लिटीगेशन स्तर के प्रकरणों के निस्तारण हेतु जिला मुख्यालय पर 02 बैचों का गठन कर विशेष लोक अदालत में रैफर प्रकरणों का आपसी समझाईश व राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों का निस्तारण किया गया। विशेष लोक अदालत हेतु गठित बैंच संख्या-01 के अध्यक्ष श्रीमती भावना भार्गव व बैंच संख्या-02 के अध्यक्ष चेतन कुमार गोयल ने उपस्थित आमजन को बताया कि दिनांक 28 09 .2024 को वर्ष की तृतीय राष्टीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। माननीय रालसा जयपुर के निर्देशानुसार राष्ट ीय लोक अदालत से पूर्व विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रिकाउंसलिंग के दौरान बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं के प्रिलिटिगेशन स्तर के प्रकरणों का पूर्व में लोक अदालत के माध्यम से अधिकाधिक निस्तारण किए जाने हेतु बैंक अधिकारीगण एवं वित्तीय संस्थाओं के अधिकारीगण को निर्देश प्रदान किए।

# ई-केवाईसी होने पर 450 रुपए में मिलेगा घरेलू गैस सिलेंडर

**गंगापुर सिटी ।** प्रदेशभर के साथ गंगापुर सिटी में 450 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर लेने के लिए राशन कार्ड को एलपीजी आईडी व जनआधार से सीडिंग करवाना अनिवार्य है। जिला रसद अधिकारी अंकित पचार ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग राजस्थान सरकार द्वारा जिले में रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के तहत पूर्व में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना एवं

- राशन कार्ड को एलपीजी आईडी व जनआधार से सीडिंग कराना जरूरी

चयनित बीपीएल परिवार (राजस्थान राज्य के) के साथ राजस्थान प्रदेश के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित परिवार पात्र होंगे। रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना संपूर्ण राजस्थान राज्य में एक सितंबर को लागू किया जाएगा।

योजना के तहत प्रधानमंत्री उज्जवला योजना एवं चयनित बीपीएल परिवार (राजस्थान राज्य के) के साथ-साथ राजस्थान प्रदेश के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित परिवारों को माह में अधिकतम एक गैस सिलेंडर केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही, सभी सब्सिडी योजनांतर्गत देय सब्सिडी के बाद मात्र 450 रुपए में सिलेंडर दिया जाएगा। योजना में माह की गणना माह की प्रथम तारीख से अंतिम तारीख तक की जाएगी।

रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के ऐसे परिवार पात्र होंगे, जिनके द्वारा ई-केवाईसी करवाई जा चुकी है।

ऐसे परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अपने राशन कार्ड को एलपीजी आईडी व जनाधार से सीडिंग करवाए जाने के बाद सब्सिडी का लाभ प्राप्त होगा।

वर्तमान में सीडिंग का कार्य ई-मित्र व उचित मूल्य दुकानों पर स्थापित पोस मशीन के माध्यम से किया जा रहा है। योजना के लाभ के लिए उपभोक्ता को नजदीकी ई-मित्र या उचित मूल्य दुकानों पर जाकर सीडिंग करवाने की व्यवस्था की जा चुकी है। गंगापुर सिटी जिले मे राष्टीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित परिवारों की संख्या 1 लाख 33 हजार 529 है।

इस योजना के अंतर्गत एक सितंबर से अथवा सितंबर माह में पंजीयन (एलपीजी आईडी को ई-केवाईसी तथा जनाधार सीडिंग) कराने पर योजना का लाभ सितंबर माह से तथा किसी आगामी माह में पंजीयन कराने पर उस माह से गैस सिलेंडर पर सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा।




एलपीजी सिलेण्डर की फाइल।

# सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**धौलपुर।** शिक्षकों को गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्त करने एवं शिक्षक स्थानांतरण नीति बना कर तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित सभी संवर्गों के स्थानांतरण शुरू करने की मांग को लेकर राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्य व्यापी आंदोलन के द्वितीय चरण में प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा एवं जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर की अगुवाई में संगठन के पदाधिकारियो ने जिला कलेक्ट्रेट धौलपुर पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है।

इस दौरान संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने कहा कि काफी समय से तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण नहीं होने से हजारों शिक्षक घर परिवार से दूर नौकरी करने को बाध्य हो रहे हैं।

संघ के जिला अध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर ने कहा चार सत्रों से शिक्षकों की पदोन्नितयां नहीं होने से हजारों की तादात में स्कूलों में वरिष्ठ अध्यापक, व्याख्याता प्रिंसिपल तक के पद रिक्त होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है।

संघ के सभाध्यक्ष सुरेंद्र रावत ने पदोन्नित के वर्तमान नियमों में संशोधन कर संख्यात्मक आधार पर सामाजिक विज्ञान, कृषि वाणिज्य, कला स्नातक शिक्षकों को पदोन्नित के विशेष अवसर मुहैया कराने की मांग की।

# भाजपा मण्डल के कार्यकर्ताओ की सदस्यता अभियान को लेकर बैठक संपन्न

**करौली ( नि.स. ) ।** कैलादेवी भाजपा मण्डल के कार्यकर्ताओ की बैठक नरसी गेस्ट हाउस मे संपन्न हुई जिसके मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं कैलादेवी भाजपा मण्डल प्रभारी रमेश राजौरिया के सानिध्य में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता कैलादेवी भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश पाल जादौन ने की।

बैठक के दौरान मुख्य अतिथि राजौरिया ने भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के बारे में विस्तार से बताते हुए कहां कि आप सभी को मिलकर कैलादेवी मण्डल में अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाने हैं। तथा मण्डल से आने वाले सभी बूथ अध्यक्षों को अपने अपने बूथों पर विशेष ध्यान देना है।

बूथ अध्यक्षों को धन्यवाद देते हुए कहां कि आप लोगों के परिश्रम का ही नतीजा है जों आज हम सत्ता व संगठन में मजबूत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मण्डल अध्यक्ष राजेश पाल जादौन ने बताया कि भाजपा संगठन को मजबूत करने में सत्ता और संगठन एक दूसरे के पूरक हैं संगठन हमारा मजबूत है तों हमेशा सत्ता हमारी रहेंगी और सत्ता हमारे पास है तों संगठन हमारा मजबूत रहेगा तथा कैलादेवी मे सभी कार्यकर्ताओं से अधिक संख्या में सदस्य बनाने का आव्हान किया तथा कैलादेवी भाजपा मण्डल की तरफ से मण्डल प्रभारी राजौरिया को साफा, दुपट्टा, माला,व कैला मैया कि तस्वीर देकर स्वागत सम्मान किया।तथा आने वाले सभी कार्यकर्ताओं का मण्डल अध्यक्ष ने स्वागत सम्मान करते हुए कार्यक्रम का समापन किया ।

- कार्यकर्ताओ की बैठक पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं कैलादेवी भाजपा मण्डल प्रभारी रमेश राजौरिया के सानिध्य में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता कैलादेवी भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश पाल जादौन ने की।
- कार्यकर्ताओं ने कैलादेवी मण्डल में अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाने पर जोर देने को कहा

# पदयात्रा की तेयारी जोर शोर से

**गंगापुर सिटी ।** मां इन्द्रगढ सेवा समिति के तत्वावधान में मां इंदरगढ बिजासन माता की 20 वी पदयात्रा 9 सितम्बर 2024 सोमवार को पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री सीताराम जी मंदिर से जावेगी।

समिति के सदस्य राकेश कुमार गर्ग ने बताया कि यात्रा 9 सितंबर 2024 को दोपहर 2 बजे पुरानी अनाज मंडी से प्रस्थान करेगी रात्रि विश्राम नवाना की ढाणी,10सितंबर 2024 मंगलवार को भोजन प्रसादी मलारना डूंगर धर्म कांटा पर होगी रात्रि विश्राम अजनोटी स्कूल,11 सितंबर 2024 बुधवार को भोजन प्रसादी रा.मा.वि., जीनापुर पर होगी रात्रि विश्राम बी.एड. कॉलेज रवांजना डूंगर,12 सितंबर 2024 गुरूवार को भोजन प्रसादी रा.मा.विद्यालय,बाबई पर होगी इन्द्रगढ मोड पर सायं 7बजे पहुंचेगी।

इन्द्रगढ मोड पर मां की आरती करी जावेगी एवं बैंड बाजो के साथ जोर शोर से मां का जुलूस इन्द्रगढ भवन, महारानी पैलेस पहुंचेगा।

12 सितंबर गुरुवार को रात्रि 9 बजे विशाल भजन संध्या महारानी पैलेस पूर्व चेयरमैन की धर्मशाला में होगी।

13 सितंबर शुक्रवार को विशाल भंडारा महारानी पैलेस पूर्व चेयरमैन की धर्मशाला में होगा।

समिति द्वारा यात्रा की तेयारी जोरशोर से की जा रही है। समिति पदाधिकारियो ने यात्री ठहराव स्थानो का निरिक्षण कर संबंधित भवन मालिको से स्वीकृति ली।